| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**हमीर सिंह सोढ़ा**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर, उत्तर)**<br>सू.अ.अपील संख्या 82/2024 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 26–11–24 | अपीलार्थी हमीर सिंह सोढ़ा निवासी 445 मोहन नगर बी बी जे एस कालोनी जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत आवेदन 19/07/24 में डॉ. किरण सोढा जो रा.उ.मा.वि. बुचकला पीपाड शहर में कार्यरत थी दिनांक 08.10.2022 को कार्यमुक्त होकर कार्यालय में उपस्थिति दी, उसकी ज्वानिंग रिपोर्ट की कॉपी एवं अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर, उत्तर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर, उत्तर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर, उत्तर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर, उत्तर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर जोधपुर | |

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.26 17:59:57 IST
Reason: Approved

o.: 12034456